श्री बंशीधर नगर मंगलवार
02.06.2026
अधिक ज्येष्ठ कृष्णपक्ष द्वितीया संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 279

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:08 बजे
अस्त - 06:35 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
मंडल डैम की आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा >> पेज 03
अक्षय-दिशा ने 'ऊंचा लंबा कद' पर लगाए ठुमके >> पेज 05

## सुविचार

दूसरों को छोटी-छोटी चोटों पर रोने दो, लेकिन तुम नहीं। दूसरों को अपना भविष्य किसी और के हाथों में सौंपने दो, लेकिन तुम नहीं।

## न्यूज अपडेट्स

### दीपक केबल्स बैंक धोखाधड़ी मामले में 1.27 करोड़ की नकदी-सोना जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच के तहत दीपक केबल्स (इंडिया) लिमिटेड से जुड़े परिसरों पर छापेमारी कर कई दस्तावेज, सोने के आभूषण, नकदी जब्त की। इनकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। ईडी ने बताया कि एजेंसी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने 21 मई और 29 मई को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 17 के तहत तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कंपनी और उसके निदेशक के. वेंकटेश्वर राव, महेश अग्रवाल (निदेशक, अधुनिक कॉरपोरेशन लिमिटेड) और अन्य से जुड़े कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने 1.27 करोड़ रुपये मूल्य के सोने (आभूषण) और नकदी को जब्त किया तथा 18 करोड़ रुपये शेष राशि वाले कई बैंक खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज कर दिया। जांच की शुरूआत सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर हुई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि दीपक केबल्स इंडिया लिमिटेड और उसके निदेशक के वेंकटेश्वर राव ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व वाले बैंक समूह को 899.35 करोड़ रुपये का चूना लगाया। कंपनी ने बड़े पैमाने पर ऋण सुविधाएं हासिल कीं और बाद में इन फंड्स को दूसरी जगह मोड़ दिया। आरोप है कि कंपनी ने फर्जी वित्तीय विवरण और हेरफेर किए गए खातों के दस्तावेज जमा कर बैंक ऋण प्राप्त किया और उसे जारी रखा।

**समीक्षा** राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार अधिकारियों को सीएम ने दिया निर्देश

# भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण करें



**रांची।** झारखंड मंत्रालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में परिवहन विभाग तथा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली, योजनाओं की अद्यतन प्रगति और लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने आमजन को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग करें। उन्होंने परिवहन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिया।

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में भूमि अभिलेखों के व्यापक और चरणबद्ध डिजिटलीकरण को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर आम नागरिकों को भूमि क्रय से पूर्व संबंधित भूमि की स्थिति के संबंध में संपूर्ण और अद्यतन जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। नागरिक यह जान सकेंगे कि संबंधित भूमि सरकार की ओर से अधिग्रहण-अर्जन की प्रक्रिया में है, अधिग्रहित की जा चुकी है या पूर्णतः मुक्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से रैयतों एवं आमजनों को पारदर्शी और विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होगी, जिससे भूमि क्रय-विक्रय से संबंधित अनिश्चितता और विवादों में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि भूमि संबंधी सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों को डिजिटलीकृत कर उन्हें एकीकृत पोर्टल से जोड़ा जाए, ताकि किसी भी स्तर पर सूचना के अभाव या विसंगति की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने अधिग्रहित भूमि के संबंधित विभागों और उपयोगकर्ता एजेंसियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हस्तांतरण की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा, जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और भूमि से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक सुगम एवं प्रभावी बनेंगी। मुख्यमंत्री ने खासमहल भूमि से संबंधित लीज नवीनीकरण, लीज हस्तांतरण और भूमि के प्रयोजन परिवर्तन (चेंज ऑफ लैंड यूज) की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में जटिलताओं के कारण आमजनों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसे दूर करना आवश्यक है। इस दिशा में सभी प्रक्रियाओं का मानकीकरण करते हुए उन्हें ऑनलाइन एवं ट्रैकिंग-आधारित प्रणाली से जोड़ने पर भी बल दिया गया, ताकि आवेदनों की स्थिति की निगरानी सुगमता से की जा सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि खासमहल अंतर्गत सभी लीजधारकों का व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण और मैपिंग कराया जाए, जिससे प्रत्येक लीजधारक का अद्यतन डाटाबेस तैयार हो सके। इसके साथ ही, सभी लीज से संबंधित दस्तावेजों का पुनः सत्यापन (री-वेरिफिकेशन) सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की विसंगति, फर्जीवाड़ा या अभिलेखीय त्रुटियों को समय रहते चिन्हित कर सुधारा जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया भविष्य में भूमि प्रबंधन को अधिक सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाएगी।

परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलावार मैपिंग, रूट चार्ट निर्माण एवं सड़क नेटवर्क के विकास पर जोर दिया गया। रांची स्मार्ट सिटी में विकसित किए जा रहे ट्रैफिक पार्क के प्रजेंटेशन का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह पार्क आमजन, विशेषकर बच्चों और युवाओं को मनोरंजन के माध्यम से यातायात नियमों, संकेतों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में स्थापित किए जा रहे इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइवर ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से व्यावसायिक एवं प्रशिक्षित चालकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा प्रशिक्षुओं के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण की व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर बल दिया। इसी क्रम में धनबाद में विकसित किए जा रहे वाहन निरीक्षण और प्रमाणन केंद्र की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इस केंद्र को अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित किया जाए, ताकि वाहनों की फिटनेस जांच पारदर्शी, सटीक और मानकीकृत तरीके से की जा सके। उन्होंने कहा कि इससे प्रदूषण नियंत्रण, सड़क सुरक्षा तथा वाहन मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: ईडी ने 1000 करोड़ से अधिक की संपत्तियां कुर्क कीं

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच के तहत 28 मई को जारी तीन अस्थायी कुर्की आदेशों (पीएओ) के तहत 200 करोड़ रुपये के रजिस्ट्री कीमत और 1000 करोड़ रुपये से अधिक बाजार मूल्य वाली संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क कर ली। ईडी ने बताया कि एजेंसी की जांच में खुलासा हुआ कि अनवर धेबर और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा के नेतृत्व में एक शराब सिंडिकेट ने 2019 से 2023 के बीच राज्य के आबकारी तंत्र में हेरफेर कर 2,883 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध कमाई की। यह रकम शराब की खरीद दरों में कृत्रिम वृद्धि, अवैध शराब निर्माण और एफएल-10ए लाइसेंसों के जरिए कमीशन वसूली से जुटाई गई। पहले आदेशों के तहत विकास अग्रवाल और अनवर धेबर से जुड़ी अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है। धेबर अग्रवाल सिंडिकेट का वित्तीय प्रबंधक था, जो डिस्टिलरी और लाइसेंस धारियों से कमीशन वसूलकर सीधे धेबर तक पहुंचाता था। अग्रवाल के परिवारजनों के नाम पर संपत्तियां और धेबर की बेनामी संपत्तियां, जिनमें धेबर सिटी होम्स, रायपुर के प्लॉट और पांच भूमि पार्सल शामिल हैं, को कुर्क किया गया है। इनकी कुल कीमत लगभग 30 करोड़ रुपये है। दूसरे कुर्की आदेश में होटल वेस्टिन गोवा (गांव अंजुना, उत्तर गोवा) को कुर्क किया गया है। यह होटल पैसिफिका होटल्स इंडिया प्रा.लि. के नाम पर है, जिसके निदेशकों में राहुल अग्रवाल और विजय कुमार अग्रवाल शामिल हैं। जांच में पाया गया कि होटल की खरीद पूरी तरह शराब घोटाले से प्राप्त अवैध नकदी से की गई थी, जिसकी कुल कीमत लगभग 110 करोड़ रुपये है। नकदी को चैतन्य बघेल के माध्यम से गोवा तक पहुंचाया गया।

### कोटक महिंद्रा बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक का सहायक उपाध्यक्ष गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोटक महिंद्रा बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक के सहायक उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। ईडी के चंडीगढ़ जोनल कार्यालय ने 1 जून को उसे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 19(1) के तहत गिरफ्तार किया। विशेष पीएमएलए अदालत, पंचकूला ने सिंह को नौ दिन की ईडी कस्टडी में भेजा है, जो 9 जून तक रहेगी। जांच की शुरूआत एसीबी, पंचकूला द्वारा दर्ज एफआईआर से हुई थी। इसमें कोटक महिंद्रा बैंक के अज्ञात अधिकारियों पर नगर निगम पंचकूला के 145 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप लगाया गया था। ईडी की जांच में सामने आया कि नगर निगम अधिकारियों, बैंक अधिकारियों और निजी व्यक्तियों ने मिलकर सरकारी धन की हेराफेरी की। दिलीप कुमार राघव (कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर) ने पुष्पेन्द्र सिंह और विकास कौशिक (पूर्व वरिष्ठ लेखा अधिकारी, नगर निगम पंचकूला) के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नगर निगम के नाम से दो बैंक खाते खोले। इन खातों से धन को फर्जी प्राधिकरण पत्रों के जरिए इन अवैध खातों में स्थानांतरित किया गया। बाद में यह रकम राजत दहरा, स्वाति तोमर, कपिल कुमार और विनोद कुमार जैसे फाइनेंसर्स को भेजी गई।

**विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाएं : मुख्यमंत्री**

# एसआईआर व जनगणना के प्रति जागरूक करें



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्देश दिया है कि विद्यालयों में विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इन विषयों के प्रति जागरूक कर उन्हें समाज में सूचना के वाहक के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे वे अपने परिवार एवं समुदाय को भी इन महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक कर सकें। इसके लिए विद्यालय स्तर पर कार्यशालाएं, जागरूकता सत्र एवं विशेष अभियान संचालित किए जाने पर भी जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री सोमवार को झारखंड मंत्रालय में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक में बोल रहे थे। बैठक में विभाग की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं पहलों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति, प्रमुख उपलब्धियों, चुनौतियों और भावी कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने योजनाओं के प्रभावी एवं परिणामोन्मुख संचालन पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, समयबद्ध एवं लक्ष्य-आधारित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान विभाग की ओर से संचालित विभिन्न प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में ई-कल्याण पोर्टल के संचालन एवं उसकी प्रभावशीलता, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को दी जा रही सहायता, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए दी जा रही सुविधाओं, साइकिल वितरण योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के प्रयासों की चर्चा की गई। इस दौरान योजनाओं की वर्तमान प्रगति, लाभुकों की संख्या, क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों और उनके समाधान के उपायों पर भी विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभान्वित लाभुकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण, संचालित व्यवसाय, उससे हो रही आय, रोजगार सृजन की स्थिति और बैंकिंग प्रक्रियाओं से संबंधित अनुभवों की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से यह जानने का प्रयास किया कि लाभुकों को व्यवसाय संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई तो नहीं हो रही है और बैंकिंग संस्थानों की ओर से उन्हें समुचित सहयोग मिल रहा है या नहीं। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान गढ़वा, देवघर और साहिबगंज जिलों में निर्मित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने इन विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, आधारभूत संरचना, छात्र-छात्राओं की नामांकन स्थिति और संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि इन संस्थानों का संचालन उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। साइकिल वितरण योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान आवश्यकताओं और बदलते परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को पारंपरिक साइकिल के स्थान पर ई-साइकिल उपलब्ध कराने के लिए एक समन्वित एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने इस दिशा में कल्याण विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और उद्योग विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के दूरस्थ, ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय तक पहुंच एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसी स्थिति में ई-साइकिल जैसी सुविधा उपलब्ध कराना न केवल उनकी शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाएगा, बल्कि उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का लाभ पात्र विद्यार्थियों को समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनकी पढ़ाई किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो।

# रांची में ब्राउन शुगर तस्करी का भंडाफोड़, मां-बेटे समेत तीन गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से मां-बेटे समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 16.43 ग्राम ब्राउन शुगर की कुल 159 पुड़िया, तीन स्मार्टफोन और 7,320 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में अनिकेत अग्रवाल, कुसुम चौबे और अंकुश चौबे शामिल हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को 31 मई को सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर स्थित करम चौक इलाके में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उसका सत्यापन कराया गया और हटिया पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम जब रोड नंबर-06, विद्यानगर स्थित करम चौक क्षेत्र में पहुंची तो वहां मौजूद एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान 23 वर्षीय अनिकेत अग्रवाल के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से ब्राउन शुगर की 20 पुड़िया बरामद की गई, जिनका कुल वजन 2.05 ग्राम पाया गया। अनिकेत से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसी इलाके में रहने वाली कुसुम चौबे और उनके पुत्र अंकुश चौबे के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान कुसुम चौबे के पास से 49 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसका वजन 4.94 ग्राम था। वहीं अंकुश चौबे के पास से 45 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसका वजन 4.65 ग्राम पाया गया। पुलिस ने घर की गहन तलाशी के दौरान एक अलमारी में रखे भूरे रंग के पर्स से भी 45 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की। इन पुड़ियों का कुल वजन 4.79 ग्राम था। इस प्रकार पुलिस ने कुल 159 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की, जिसका कुल वजन 16.43 ग्राम है। एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों आरोपितों ने बरामद पदार्थ को ब्राउन शुगर स्वीकार किया और इसकी बिक्री में संलिप्त होने की बात भी मानी। इसके बाद सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर सुखदेवनगर थाना लाया गया और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन स्मार्टफोन और 7,320 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित अंकुश चौबे का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पूर्व में आर्म्स एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। एसएसपी ने कहा कि रांची पुलिस नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और ऐसे अवैध धंधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम संदीप डे बताया गया है। इसके पास से 3.54 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू मैदान तरफ एक व्यक्ति के जरिये बाहर से लाकर ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही है, जिससे क्षेत्र के युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक (नगर) पारस राणा के निर्देशन एंव पुलिस उपाधीक्षक हटिया नीरज कुमार के नेतृत्व में अरगोड़ा थाना से छापेमारी टीम का गठन कर छापेमारी के लिए निर्देश दिया गया। टीम की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए हरमू क्षेत्र में छापेमारी की गई।

### 61 किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से 61 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार, ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची आरपीएफ फ्लाइंग टीम, आरपीएफ पोस्ट एवं आरपीएफ की अपराध शाखा ने यह कार्रवाई की है। आरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 18309 संबलपुरझ्झजम्मूतवी एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-3 में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को चार ट्रॉली बैग एवं तीन पिट्ठू बैग के साथ पाया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बैगों में गांजा होने की बात स्वीकार की। ट्रेन के रवाना होने पर सभी संदिग्धों को उनके सामान सहित नामकुम रेलवे स्टेशन पर उतारकर विधिसम्मत जांच की गई।

## पुलिसिंग ▶ एडीजी ने सभी थानेदारों को दिया निर्देश

# सीसीटीवी कैमरे लगाने का तैयार करें प्रस्ताव

**रांची।** अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय (एडीजी ) सह पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक ने सोमवार को रांची के पुलिस कार्यालय कक्ष में विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं अनुसंधान से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची, पुलिस अधीक्षक (नगर), पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अपर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली), सभी पुलिस उपाधीक्षक एवं जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अनुसंधान की प्रगति और विभिन्न विशेष अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपर पुलिस महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ऐसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों को चिन्हित करें, जहां अपराध नियंत्रण एवं निगरानी के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता है। साथ ही, पूर्व से स्थापित सीसीटीवी कैमरों की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त आवश्यक स्थलों का चयन कर वहां बेहतर गुणवत्ता का सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले में कार्यरत पीसीआर, टाइगर मोबाइल, शक्ति कमांडो, हाईवे पेट्रोलिंग एवं अन्य गश्ती दलों के कार्यों की समीक्षा की गई। गश्ती व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।




अनुसंधान संबंधी मामलों की समीक्षा के क्रम में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित कांडों के अनुसंधान, पीड़ितों को विधिसम्मत सहायता उपलब्ध कराने, समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने और निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कांडों के निष्पादन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग तथा आरोप-पत्रों के समय पर समर्पण पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में गुमशुदा बच्चों से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में मानक कार्यप्रणाली (एसओपी ) के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने, प्रत्येक मामले में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने तथा बच्चों की शीघ्र बरामदगी के लिए निर्देश दिया गया।

एनडीपीएस अधिनियम से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। सभी पुलिस उपाधीक्षकों एवं थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन और वितरण से संबंधित सूचनाओं का संकलन कर उसके आधार पर प्रभावी छापेमारी एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने करने के लिए निर्देशित किया गया। विशेष रूप से विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा आवश्यकतानुसार विशेष अभियान एवं छापेमारी चलाने का निर्देश दिया गया।

इसके अतिरिक्त 10 जून से 25 जून तक जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित करने का निर्देश दिया गया, ताकि युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके।

बैठक में संगठित अपराध, रंगदारी, आपराधिक गिरोहों एवं अन्य आपराधिक गैंगों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी एवं निरंतर कार्रवाई करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सक्रिय अपराधियों की पहचान, उनके आर्थिक एवं आपराधिक नेटवर्क का विश्लेषण और विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

भूमि संबंधी अपराधों एवं भू-माफियाओं से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए ऐसे मामलों में त्वरित अनुसंधान एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई करने तथा ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में अपराध नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, संगठित अपराधियों एवं आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा उत्कृष्ट पुलिस कार्य के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक (नगर), को अपर पुलिस महानिदेशक ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उन अनुसंधानकताओं को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया, जिनके जरिये महत्वपूर्ण कांडों का सफल उद्भेदन किया गया, आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई तथा अनुसंधान पूर्ण कर समयबद्ध रूप से आरोप-पत्र समर्पित किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह एवं पेशेवर दृष्टिकोण अपनाते हुए अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयासरत रहने का निर्देश दिया।

### जेएसएलपीएस के सीईओ ने हनी माइग्रेशन सेंटर का किया निरीक्षण



**रांची।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) अनन्य मित्तल ने कहा कि हनी वैल्यू चेन परियोजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन एवं विपणन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। वे सोमवार को रांची जिले के नगड़ी एवं इटकी प्रखंड अंतर्गत हनी वैल्यू चेन परियोजना के तहत गठित झारखंड मधु आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीसी) से जुड़ी आजीविका सखी मंडल की मधु पालक दीदियों की ओर से संचालित हनी माइग्रेशन सेंटर के निरीक्षण के दौरान संबोधित कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान अनन्या मित्तल ने मधु पालक दीदियों से मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शहद की पैकेजिंग व्यवस्था एवं हनी बॉक्स का अवलोकन किया और व्यवसाय की विभिन्न बारीकियों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि उत्पाद की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उसे निरंतर बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही झारखंड में उत्पादित शहद को अन्य राज्यों के बाजारों तक पहुंचाने एवं इस व्यवसाय का विस्तार करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाओं को रोजगार एवं आय के अवसर प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर हनी वैल्यू चेन परियोजना के एसपीएम संजय दास, डीपीएम अभिषेक चांद, डीएम एंटरप्राइज, डीएम एसएमआईबी, नगड़ी एवं इटकी प्रखंड के बीपीएम, प्रखंड टीम, एफपीसी के निदेशक मंडल के सदस्य, एफपीसी से जुड़ी मधु पालक दीदियां सहित अन्य प्रखंड स्तरीय कर्मी उपस्थित थे।

### झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा



**रांची।** झारखंड मंत्रालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की इस मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे का अभिवादन किया। मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मुलाकात के दौरान राज्य के विकास, महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर भी सामान्य चर्चा हुई। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है और न ही किसी विशेष विषय पर विस्तृत बयान जारी किया गया है।

## झारखंड आम महोत्सव का आयोजन, स्थानीय उद्यमिता और महिला सशक्तीकरण को मिला मंच

# अचार, चटनी, आम पापड़, जूस जैसे उत्पादों की प्रदर्शनी

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ट्राइबल बिजनेस डेवलपमेंट उप समिति की ओर से सोमवार को चेंबर भवन में झारखंड आम महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उप समिति की चेयरपर्सन माला कुजूर ने किया। महोत्सव का उद्देश्य झारखंड की समृद्ध आम संस्कृति, स्थानीय किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण उद्यमियों और आम आधारित उत्पाद निमार्ताओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना था, जहां वे अपने उत्पादों, नवाचारों एवं पारंपरिक कौशल का प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ आम से निर्मित पारंपरिक एवं नवाचारपूर्ण उत्पादों जैसे अचार, चटनी, आम पापड़, जूस, स्क्वैश और अन्य खाद्य उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति, गुणवत्ता और रचनात्मकता से उपस्थित अतिथियों एवं निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। महोत्सव



का मुख्य संदेश फ्रॉम मैंगो टू मार्केट, सेलेब्रटिंग इनोवेशन एंड ट्रेडिशन और आम जो बनाए आपको खास, स्वाद भी, सेहत भी, समृद्धि भी था। उप समिति की चेयरपर्सन माला कुजूर ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल आम के स्वाद का उत्सव मनाना नहीं था, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण, जनजातीय व्यवसाय, कृषि आधारित आजीविका और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना भी था।

प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से बिनिता बोदरा, आरती कुमारी, सुमन देवी, रूपा कुमारी, कुमारी प्रिया, रिंकू मुरारका, सोनी पाठक, भास्कर कच्छप, पूनम सिंह, उषा रानी मिंज एवं संगीता सिंघल सहित अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार भास्कर कच्छप को प्रथम, आरती कुमारी को द्वितीय, रिंकू मुरारका को तृतीय और सोनी पाठक को चतुर्थ पुरस्कार दिया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं और प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ शिवेंद्र कुमार और विशिष्ट अतिथि डॉ अवनि कुमार सिंह, डॉ प्रेरणा ने प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं पुरस्कार दिया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने, किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और झारखंड की समृद्ध खाद्य एवं कृषि विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की जज अलीशा गौतम उरावं थी। उप समिति की चेयरपर्सन माला कुजूर ने कहा कि आम महोत्सव के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने, किसानों और महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने एवं राज्य की पारंपरिक खाद्य विरासत को नई पहचान दिलाने का सार्थक प्रयास किया गया है। भविष्य में इस प्रकार के आयोजन और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं जनजातीय उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य तुलसी पटेल, मुकेश अग्रवाल, अमित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री सहित कई प्रतिभागी शामिल थे।

# मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण से प्रशासन में हलचल, कांटाटोली चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था पर जताई नाराजगी



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर अपने औचक निरीक्षण को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बिना पूर्व सूचना के राजधानी रांची की सड़कों पर निकलकर यातायात व्यवस्था और आम लोगों की समस्याओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने भी उनके इस निरीक्षण की पुष्टि करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनता की समस्याओं को नजदीक से समझने और व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानने के लिए स्वयं सड़कों पर उतरे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता की तकलीफों को करीब से समझने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इससे पहले भी दिसंबर 2025 और अप्रैल 2026 में उन्होंने इसी तरह अचानक विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर प्रशासनिक व्यवस्था का आकलन किया था। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, रविवार शाम मुख्यमंत्री अपने कांके रोड स्थित आवास से बिना किसी पूर्व कार्यक्रम के राजधानी की स्थिति का जायजा लेने निकल पड़े। इस दौरान वे अचानक रांची के सबसे व्यस्त यातायात केंद्रों में शामिल कांटाटोली चौक पहुंच गए। यहां उन्होंने यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया और अव्यवस्थित ट्रैफिक तथा सड़क किनारे अवैध पार्किंग को लेकर नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद यातायात पुलिस अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध पार्किंग और यातायात अव्यवस्था के कारण आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को ट्रैफिक प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने तथा सड़क अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के अचानक निरीक्षण की सूचना मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हलचल मच गई। उच्च अधिकारियों को तत्काल स्थिति की जानकारी दी गई और ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए। हालांकि रविवार होने के कारण सामान्य दिनों की अपेक्षा सड़कों पर यातायात का दबाव अपेक्षाकृत कम था। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के अगले ही दिन सोमवार को रांची की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आया। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने पुलिस अधीक्षक (यातायात) राकेश सिंह के साथ राजधानी के प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर अंजुमन प्लाजा तक यातायात व्यवस्था, पार्किंग और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया।

## न्यूज अपडेट्स

### मनरेगा कर्मियों ने दिवंगत रोजगार सेवक के परिवार को दी 1.31 लाख की सहायता

**मेदिनीनगर :** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ, पलामू जिला कमिटी के नेतृत्व में जिले भर के मनरेगा कर्मियों ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए दिवंगत रोजगार सेवक ललन प्रजापति के आश्रित परिवार को 1.31 लाख की सहयोग राशि सौंपी। पांडू प्रखंड के ग्राम रोजगार सेवक ललन प्रजापति का इसी वर्ष 28 मार्च को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। संघ के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री विकास पांडेय एवं संगठन मंत्री सचिन अख्तर हुसैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनके पैतृक गांव सीलदिली पहुंचकर परिजनों को सहायता राशि प्रदान की। नेताओं ने कहा कि यह राशि केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि ललन प्रजापति की स्मृति को मनरेगा परिवार की श्रद्धांजलि और एकजुटता का प्रतीक है। साथ ही प्रशासन से उनके परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की गई।

### ट्रैक्टर-बाईक की टक्कर में युवक की मौत

**केतार :** थाना क्षेत्र के दासीपुर में सोमवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बाईक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और तत्काल घायल युवक को निजी वाहन से भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान खरौंधी थाना क्षेत्र के करीवाडीह गांव निवासी 22 वर्षीय नवेज आलम, पिता कौसर अली के रूप में हुई है।

## गढ़वा — विस्थापितों के पुनर्वास कार्यों में तेजी के निर्देश

# मंडल डैम की आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** डीसी पशुपति नाथ मिश्रा के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभागार में शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) से प्रभावित विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता विकास कुमार राय ने की। बैठक में मंडल डैम परियोजना से विस्थापित होने वाले परिवारों के पुनर्वास स्थलों पर चल रहे आधारभूत संरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। गत बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन प्रतिवेदन का अवलोकन करते हुये अधिकारियों को सभी कार्यों में तेजी लाने



और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान पुनर्वास स्थलों पर सड़क निर्माण, स्थल समतलीकरण, सिंचाई व्यवस्था, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही सरना/मसना एवं पूजा स्थल, धुमकुड़िया भवन तथा अन्य सामाजिक संरचनाओं के निर्माण को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। अपर समाहर्ता ने स्पष्ट किया कि पुनर्वास केवल विस्थापित परिवारों तक सीमित नहीं रहना चाहिये, बल्कि आसपास के पहले से बसे ग्रामीणों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुये समग्र विकास सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी आधारभूत सुविधाएं सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, सिंचाई, खेल मैदान एवं धार्मिक स्थल समुचित रूप से विकसित किये जाएं। बैठक में रंका अंचल के विश्रामपुर एवं रमकंडा अंचल के बलिगढ़ स्थित पुनर्वास स्थलों पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये गये। साथ ही सभी निर्माण कार्यों का बजट प्राक्कलन चार दिनों के भीतर तैयार कर संबंधित विभागों को समर्पित करने को कहा गया। इसके अलावा वन अधिकार समिति की स्वीकृति, भूमि रूपांतरण (लैंड डायवर्जन) प्रक्रिया तथा लंबित सर्वेक्षण कार्यों को भी 4 जून तक शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी रंका मोहम्मद परवेज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता शिविर : नि:शुल्क कानूनी सहायता की दी गई जानकारी

**गढ़वा :** प्रखंड के छतरपुर पंचायत में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार की डिप्टी चीफ एलएडीसी अधिवक्ता अनीता रंजन ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी चीफ एलएडीसी अनीता रंजन एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। मौके पर अनीता रंजन ने लोगों को नालसा एवं झालसा की विभिन्न योजनाओं, नि:शुल्क विधिक सहायता और मध्यस्थता प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बाल अपराध, नशापान और



बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराईयों को समाप्त करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, पति-पत्नी के मामले, बिजली बिल, ऋण संबंधी विवाद सहित कई मामलों का निपटारा नि:शुल्क मध्यस्थता के जरिए किया जाता है। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने एसिड अटैक जैसे जघन्य अपराधों तथा 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी। पीएलवी उदय कुशवाहा ने भी विभिन्न कानूनी प्रावधानों और नागरिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। छतरपुर पंचायत की मुखिया संगीता देवी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा लोगों के हित में कार्य करता रहा है। इसके प्रयासों से महिलाएं जागरूक हो रही हैं और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का जीवनयापन कर रही हैं। अधिवक्ता उत्तम कुमार ने एसिड अटैक और उससे जुड़े कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। विषय प्रवेश पीएलवी रामाशंकर चौबे ने कराया। मौके पर असिस्टेंट एलएडीसी अधिवक्ता अमित कुमार, पीएलवी यशवंत कुमार मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि राहुल जायसवाल, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, जल सहिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बच्चों को मोबाइल से दूर रख खेल व मार्शल आर्ट्स से जोड़ें: अविनाश देव



**मेदिनीनगर:** संत मरियम स्कूल में पलामू मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स टाइगर्स एकेडमी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय एडवांस समर मार्शल आर्ट्स कैंप का समापन शनिवार को हुआ। 21 से 31 मई तक चले इस शिविर में बच्चों ने आत्मरक्षा, फिटनेस और अनुशासन का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा समापन समारोह में विभिन्न मार्शल आर्ट्स तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस दौरान हेल्दी फ्रूट ईटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि बच्चों को मोबाइल और डिजिटल उपकरणों की लत से बचाकर खेल, योग और मार्शल आर्ट्स जैसी गतिविधियों से जोड़ना चाहिए। इससे उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है तथा आत्मविश्वास और अनुशासन बढ़ता है। शिविर का नेतृत्व मुख्य प्रशिक्षक क्योशी संतोष कुमार ने किया। उनके साथ अजय कुमार, अभिषेक कुमार, संजय कुमार पासवान, नटवर पांडेय, प्रिंस कुमार, उज्ज्वल कुमार, श्रीकांत, गोल्डी कुमारी, चांदनी कुमारी, कल्पना कुमारी, संध्या कुमारी एवं सेंसाई गुनगुन प्रिया ने प्रशिक्षण दिया।

## स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़े जाएंगे अनाथ बच्चे, डीएलएसए ने की पहल



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर भवनाथपुर प्रखंड के बुका गांव निवासी स्वर्गीय नंदलाल राम के तीन अनाथ बच्चों को राज्य सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। बाल संरक्षण एवं बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से तीनों बच्चों का आवेदन बाल कल्याण समिति के माध्यम से कराया गया। जानकारी के अनुसार नंदलाल राम महाराष्ट्र के पुणे में एक निजी कंपनी में प्रवासी मजदूर के रूप में कार्यरत थे। लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे नंदलाल राम का समुचित इलाज नहीं हो पाने के कारण 5 फरवरी 2026 को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और उनके तीन बच्चे अनाथ हो गये। बच्चों की स्थिति की जानकारी मिलने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने तत्काल पहल करते हुये उन्हें राज्य सरकार द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू कराई। इस योजना के तहत जरूरतमंद एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को आर्थिक सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और समुचित देखभाल सुनिश्चित हो सके। सोमवार को बाल कल्याण समिति के समक्ष तीनों बच्चों का आवेदन प्रस्तुत किया गया। मौके पर पीएलवी सुधीर कुमार चौबे, मुरली श्याम तिवारी, रमाशंकर चौबे, अरविंद कुमार तिवारी, यशवंत मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पत्रकार के निधन पर अभिमन्यु सिंह ने जताया शोक, परिजनों को दी सांत्वना



**मझिआंव :** पत्रकार विनय कुमार के असामयिक निधन पर बसपा के प्रदेश महासचिव एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दुखद घटना की जानकारी मिलने के बाद वे दिवंगत पत्रकार के आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत पत्रकार के पुत्र विकास कुमार सहित अन्य परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी तथा इस कठिन समय में धैर्य और साहस बनाये रखने का आग्रह किया। अभिमन्यु सिंह ने कहा कि विनय कुमार एक कर्मठ, निष्पक्ष और समाज के प्रति समर्पित पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और जनहित के मुद्दों को प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में विनय कुमार का योगदान सदैव याद रखा जायेगा। उनका निधन केवल उनके परिवार के लिये ही नहीं, बल्कि पूरे पत्रकारिता जगत और समाज के लिये एक अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जायेगी। परिवारजनों से बातचीत के दौरान अभिमन्यु सिंह ने भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि परिवार को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर वे हरसंभव सहयोग के लिये सदैव तैयार रहेंगे। मौके पर गोल्डन सिंह, जयप्रकाश सिंह, सुदामा सिंह, कृष्ण मुरारी मालाकार, अनी सिंह तथा नागेंद्र साव सहित कई लोगों ने भी दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## टास्क फोर्स की बैठक में डीसी ने दिये कठोर कार्रवाई के निर्देश

# बर्दाश्त नहीं किया जायेगा अवैध खनन : डीसी

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने की। बैठक में अवैध खनन के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। डीसी ने सभी



एसडीओ, पुलिस अधिकारियों, सीओ एवं थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्रों में अवैध खनन की स्थिति और नियंत्रण को लेकर किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। डीसी ने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने पूर्व में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में कमी पर नाराजगी जताते हुये सभी अधिकारियों को सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विशेष रूप से श्री बंशीधरनगर अनुमंडल के धुरकी, विशुनपुरा, केतार एवं खरौंधी क्षेत्रों में लगातार सामने आ रहे अवैध खनन मामलों को गंभीर चिंता का विषय बताया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ नियमित संयुक्त छापेमारी अभियान चलाएं तथा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही निगरानी व्यवस्था को मजबूत करते हुये दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाने पर बल दिया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। डीसी ने कहा कि अवैध खनन में लगे वाहनों की तेज रफ्तार से लगातार सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है, जिस पर सख्ती से रोक लगाई जानी चाहिये ताकि आम जनता सुरक्षित आवागमन कर सके। एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त वाहनों पर माईनिंग एक्ट के साथ-साथ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी सख्त कार्रवाई की जायेगी। वहीं जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने नये नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी देते हुये कंपाउंडिंग फाइन और एफआईआर की प्रक्रिया पर बल दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# खराब प्रदर्शन वाले बैंकों में नहीं रखी जाएगी सरकारी राशि : राधाकृष्ण किशोर



## किसानों को हर हाल में मिले केसीसी, बैंक ऋण वितरण बढ़ाएं

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा बैठक में बैंकों के प्रदर्शन पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेश्यो और समग्र प्रदर्शन संतोषजनक नहीं होगा, उनमें सरकारी राशि रखने के विषय में पुनर्विचार किया जाएगा। मंत्री ने जिले का सीडी रेश्यो मात्र 36 प्रतिशत होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक केवल जमा राशि बढ़ाने तक सीमित न रहें, बल्कि किसानों, स्वरोजगार से जुड़े लोगों और छोटे उद्यमियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि पलामू जैसे आकांक्षी जिले के विकास में बैंकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को प्रखंड स्तर पर विशेष शिविर लगाकर केसीसी के आवेदन प्राप्त करने तथा पात्र किसानों को हर हाल में केसीसी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन, केसीसी लोन वितरण में तेजी तथा स्वरोजगार और लघु उद्यमों को वित्तीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया।मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार और नई शाखाएं खोलने की आवश्यकता भी बताई। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बैंकों से वित्तीय समावेशन और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय, एसएलबीसी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### प्रभु शुक्ला को जेईई एडवांस्ड में मिली सफलता



**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नप अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द निवासी प्रभु शुक्ला ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उन्होंने सामान्य वर्ग में 4901 वां रैंक प्राप्त किया है। प्रभु शुक्ला श्यामाचरण शुक्ला के पुत्र व रामकुमार शुक्ला के पौत्र हैं। प्रभु ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादा व शिक्षकों के साथ अपने कठिन परिश्रम को दिया। प्रभु को इस सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### पल्स टू उच्च विद्यालय गरदाहा में चोरी

**कांडी :** राजकीय कृत महंत श्री रामचंद्रपुरी पल्स टू उच्च विद्यालय गरदाहा में फिर चोरी होने की खबर है। इस बार चोरों ने निमार्णाधीन जल मीनार का सोलर माड्यूल एवं शिक्षक सदन से साउंड सिस्टम व बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने वाले टैब पर हाथ साफ किया है। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने थाना में चोरी की घटना की लिखित शिकायत करते हुये अपराधी तत्वों की खोजबिन कर चोरी गई सामग्री बरामद करने एवं चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

**स्वास्थ्य** गढ़वा डीसी पीएन मिश्रा ने दिये सख्त निर्देश

# शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर जोर

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर बनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था, अस्पतालों की स्थिति, उपलब्ध संसाधनों तथा आम लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने




अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिये। समीक्षा के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, टीकाकरण तथा पोषण सेवाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। डीसी ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये बेहतर समन्वय और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये उन्होंने जागरूकता बढ़ाने और लक्षित वर्ग तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर विशेष निर्देश दिये गये। डीसी ने कहा कि अभियान में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाय तथा सरकारी और निजी विद्यालयों की छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर जागरूक किया जाय। इसके साथ ही टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ब्लड बैंक, डायलिसिस सेवा और ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा की भी समीक्षा की गई। डीसी ने सभी सीएचसी और पीएचसी में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से नियमित फील्ड विजिट कर योजनाओं की जमीनी हकीकत पर नजर रखने को कहा। बैठक के अंत में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को तंबाकू से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों और कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे।

## डॉ कौशल व मुखिया पूनम ने वन राखी आंदोलन की स्वर्ण जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

बंशीधर न्यूज

**छतरपुर :** वन संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर चलाये जा रहे वन राखी मूवमेंट के 50 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को छतरपुर क्षेत्र के केरकी कुटिया, मोहन बांध गुनिया टांग, मोहनलाल खुर्जा, पार्वती देवी पार्क एवं केरकी खुर्द में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरणविद् डॉ कौशल किशोर जायसवाल एवं डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन,



राष्ट्रगान एवं पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ बरगद का पौधा रोपित कर किया गया। इसके बाद करीब 10 गांवों से पहुंचे लगभग 500 वन राखी मूवमेंट कार्यकर्ताओं ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को वनों की कटाई रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पेड़ों की रक्षा का संकल्प भी लिया गया। डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण धर्म और वन राखी आंदोलन मानव जीवन का आधार है। आधुनिक सुख-सुविधाओं का सीमित उपयोग कर प्रदूषण को कम करना आज की आवश्यकता है। वहीं मुखिया पूनम जायसवाल ने महिलाओं से पौधों को अपने बच्चों की तरह लगाकर उनकी देखभाल करने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण में जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम में डॉ कौशल ने पुरुष पर्यावरण प्रेमियों तथा मुखिया पूनम जायसवाल ने महिला पर्यावरण प्रेमियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपिल सिंह ने की। जबकि संचालन शिवनाथ सुरीला ने किया। मौके पर बनारसी कुमार, पूर्व उपमुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, सोहर जायसवाल, नागेश्वर सिंह, श्याम बिहारी सिंह, रामप्रवेश भुईयां, मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

## साउंड बजाने के विवाद में हुई थी युवक की हत्या, दो अभियुक्त गिरफ्तार : एसपी



**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में हुए मुजाहिद अंसारी हत्याकांड का पलामू पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसपी कपिल चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि मामले के उद्भेदन के लिए सदर एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के निर्देशन में चैनपुर थाना प्रभारी लालजी यादव ने कार्रवाई करते हुए अमित कुमार और तसलीम अंसारी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो बाईक, मोबाइल फोन, खून से सना कपड़ा, वारदात में इस्तेमाल पत्थर व एक घड़ी बरामद की है। सभी सामानों को साक्ष्य के रूप में जब्त कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में साउंड बजाने को लेकर हुए आपसी विवाद बढ़ने पर मुजाहिद अंसारी की हत्या कर दी गई थी। वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## भुईयां व कुर्मी टोले में पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों ने डीएलएसए से लगायी गुहार




**गढ़वा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के मार्गदर्शन में चल रहे 90 दिवसीय गहन आउटरीच कार्यक्रम के तहत रंका प्रखंड के भुईयां व कुर्मी टोला में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल संकट की गंभीर समस्या को लेकर अपनी पीड़ा साझा की और शीघ्र समाधान की मांग की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े पीएलवी राजेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में महिलाओं ने बताया कि वार्ड संख्या 11 एवं 12 के ग्रामीण लंबे समय से शुद्ध पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। प्रशासन की ओर से समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग कुओं, तालाबों और अन्य असुरक्षित जल स्रोतों पर निर्भर हैं। कई परिवारों को घंटों इंतजार कर पानी भरना पड़ता है। जबकि कुछ लोगों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं चिंता देवी, पचिया कुंवर, रेशमी कुंवर, सुदनी देवी, लालमुनी देवी और कलौती देवी ने बताया कि इलाके में लगे कई हैंडपंप वर्षों पुराने हो चुके हैं और अधिकांश खराब पड़े हैं। कुछ स्थानों पर हैंडपंपों के हैंडल तक गायब हैं। जबकि जलापूर्ति योजना भी वर्षों से बंद पड़ी है। ऐसे में लोगों को दुर्गंधयुक्त और बलुई पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तालाब में पशु स्नान करते हैं और कपड़े धोये जाते हैं, उसी पानी का उपयोग कई परिवार घरेलू जरूरतों के लिये कर रहे हैं। इससे चेचक, खुजली, दाद और बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव के नाम लिखित आवेदन सौंपते हुए पेयजल व्यवस्था बहाल कराने की मांग की।

## इंसानियत ट्रस्ट की ओर से रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों के बीच बांटा गया भोजन का पैकेट व शीतल जल



**श्री बंशीधर नगर :** भीषण गर्मी के बीच इंसानियत ट्रस्ट श्री बंशीधर नगर ने मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। सोमवार को नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रस्ट के युवाओं ने करीब दो सौ गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन और शीतल जल का वितरण किया। इस पहल से जरूरतमंदों को राहत मिली और उनके चेहरों पर मुस्कान लौट आई। भोजन प्राप्त करने वाले बुजुर्गों और यात्रियों ने ट्रस्ट के सदस्यों की सराहना करते हुये कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उनकी मदद करना एक पुण्य कार्य है। लोगों ने युवाओं के इस प्रयास को मानवता की सच्ची सेवा बताते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रस्ट के अध्यक्ष उज्जवल विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करना है। उन्होंने बताया कि आगे भी ट्रस्ट द्वारा इस तरह के सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जाते रहेंगे। उधर मानवता और सेवा की इस पहल की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। उस मौके पर शुभम शर्मा, मनीष कुमार, भारती रंजन विश्वकर्मा, सौरभ कुमार, आशीष कुमार, अमित जायसवाल, रोशन कुमार सहित कई युवा एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

**माफिया शक्ति के बल पर चमकाना-धमकाना बंद करें**

# सरकार और पुलिस बर्दाश्त नहीं करेगी : वित्त मंत्री

## विधायक निधि से जवानों को कूलर वॉटर फिल्टर देने की अनूठी पहल

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एसपी ऑफिस पहुंचकर नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जवानों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी विधायक निधि से नावाजयपुर के चेतमा पिकेट



में तैनात पुलिस जवानों के लिए कूलर एवं वॉटर फिल्टर उपलब्ध कराया। इसे पुलिस जवानों के कल्याण के लिए एक अनूठी पहल माना जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों में जवान अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, इसलिए उनकी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि चेतमा पिकेट के दौरे के दौरान जवानों ने पेयजल और गर्मी की समस्या बताई थी, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। राधाकृष्ण किशोर ने भूमि माफियाओं और अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि ताकत के बल पर लोगों को डराना-धमकाना बंद करें। जमीन कब्जाने या आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को न पुलिस छोड़ेगी और न ही सरकार। उस मौके पर एसपी कपिल चौधरी, सदर एसडीपीओ राजेश कुमार यादव, छतरपुर एसडीपीओ प्रशांत कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण कुमार सिंह, लव कुमार मेहता, लक्ष्मण दुबे, राजू पासवान, दया सिंह सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# मध्य प्रदेश : कूनो नेशनल पार्क के जंगल में मुक्त किये गए चीता निरवा और उसके तीन शावक



# मार्शल आर्ट : 60 छात्रों ने सीखी आत्मरक्षा की बारीकियां

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** शहर के बंधन मैरिज हॉल में गढ़वा जिला द्वितीय मार्शल आर्ट तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के करीब 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर आत्मरक्षा और मार्शल आर्ट की बारीकियां सीखीं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कराटे, किक बॉक्सिंग, लाठी, चाकू, तलवार, बुनकाई कुबुडो, ननचाकू तथा विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव, आरके पब्लिक स्कूल हूर, आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा, ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल, डीएवी स्कूल तथा इंडियन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि हर बच्चे को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेना चाहिये। उन्होंने आयोजन के लिये कराटे संघ और प्रशिक्षकों की सराहना की। अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एवं राष्ट्रीय कोच मनोज संसाई ने कहा कि मार्शल आर्ट का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास करना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ आत्मरक्षा का ज्ञान भी आज के समय की आवश्यकता बन गई है। मार्शल आर्ट बच्चों को कठिन परिस्थितियों का सामना करने और सही निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। गढ़वा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि मार्शल आर्ट मानसिक और शारीरिक विकास का सशक्त माध्यम है। वहीं उपाध्यक्ष विजय ललन सोनी ने कहा कि नियमित अभ्यास से शरीर मजबूत होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। मुख्य संरक्षक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि कराटे बच्चों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करता है। मौके पर संघ के सह सचिव एवं कोषाध्यक्ष शेखर कुमार सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आरकॉम बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में अमिताभ झुनझुनवाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) समूह के पूर्व समूह प्रबंध निदेशक अमिताभ झुनझुनवाला को बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार कर लिया। झुनझुनवाला रिलायंस समूह के कॉरपोरेट वित्त, बैंकिंग और ऋण राशि के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन करते थे तथा विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त करने में उनकी अहम भूमिका थी। सीबीआई ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि झुनझुनवाला पर आरोप है कि बैंकों से प्राप्त ऋण राशि का दुरुपयोग किया गया, जिससे बैंकों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। वह ऋण स्वीकृति के लिए बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय करते थे और उनकी देखरेख में ऋण की राशि का उपयोग किया जाता था। ऋण वापस नहीं किए जाने के कारण संबंधित खाते गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में बदल गए। यह मामला भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। शिकायत में रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अनिल अंबानी पर बैंक को 2,929.05 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व वाले 11 बैंकों के समूह ने कंपनी को सावधि ऋण प्रदान किया था, जिससे बैंकों को कुल 6,015 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।



## अक्षय-दिशा ने 'ऊंचा लंबा कद' पर लगाए ठुमके, गाना रिलीज

अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया गाना 'ऊंचा लंबा कद' रिलीज कर दिया गया है। यह गाना वर्ष 2007 में आई फिल्म 'वेलकमके लोकप्रिय ट्रैक का रीक्रिएटेड संस्करण है, जिसे नए अंदाज में दर्शकों के सामने पेश किया गया है। फिल्म का टीजर और पहले रिलीज हुए दो गाने पहले ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर चर्चा बटोर चुके हैं, वहीं अब तीसरे गाने ने भी फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। नए संस्करण में अक्षय कुमार और दिशा पाटनी की जोड़ी स्क्रीन पर नजर आ रही है। दोनों की केमिस्ट्री और डांस मूव्स को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। गाने को विक्रम मॉन्ट्रोज ने संगीतबद्ध किया है, जबकि इसे आनंद राज और रुबाई ने अपनी आवाज दी है। गीत के बोल मेघा बाली ने लिखे हैं। रंगीन विजुअल्स और मस्तीभरे अंदाज के साथ यह गाना फिल्म की कॉमिक और मनोरंजक दुनिया की झलक पेश करता है। गाने का एक खास पल तब आता है जब अक्षय कुमार आखिर में वी मिस यू कहते हुए कैटरीना कैफ को याद करते नजर आते हैं, जो मूल गाने में उनके साथ दिखाई दी थीं। इस भावनात्मक संदर्भ ने पुराने 'वेलकम' के प्रशंसकों को भी खासा आकर्षित किया है। अहमद खान के निर्देशन में बनी 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसमें कई बड़े सितारे अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## 'अल्फा' विवाद पर बॉबी देओल ने तोड़ी चुप्पी



अभिनेता बॉबी देओल ने आलिया भट्ट के साथ कथित अनबन की खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सभी अटकलों को खारिज कर दिया है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि यशराज फिल्म्स की आगामी फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग के दौरान दोनों कलाकारों के बीच तनाव पैदा हो गया था। अब बॉबी ने इन दावों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा है कि ऐसी खबरों का वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। एक बातचीत में बॉबी देओल ने कहा कि जब उनके एक दोस्त ने उन्हें इस अफवाह का स्क्रीनशॉट भेजा तो वह खुद भी हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि लोग बिना किसी तथ्य के कुछ भी लिख देते हैं। बॉबी ने आलिया की तारीफ करते हुए उन्हें बेहद मेहनती और पेशेवर अभिनेत्री बताया। उन्होंने कहा कि आलिया ने फिल्म के एक्शन और फाइट सीक्वेंस के लिए कड़ी तैयारी की थी और सेट पर उनका रवैया हमेशा काम के प्रति समर्पित रहा। बॉबी ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली अधिकांश बातें सच नहीं होतीं और वह हर अफवाह का जवाब देकर खुद को साबित करने में विश्वास नहीं रखते। गौरतलब है कि अल्फा यशराज फिल्म्स के स्पाय यूनिवर्स की पहली महिला प्रधान एक्शन फिल्म है, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर भी अहम किरदार निभा रहे हैं। दर्शकों के बीच इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को लेकर पहले से ही काफी उत्सुकता बनी हुई है।

## राहुल गांधी ने किया कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को मजबूती से रखने का आह्वान



**अजमेर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियों से देश को नुकसान पहुंच रहा है और जनता कई महत्वपूर्ण मुद्दों से प्रभावित हो रही है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को मजबूती से रखें। राहुल गांधी सोमवार को पुष्कर में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत लगे 10 दिवसीय चिंतन शिविर के समापन के अवसर पर शिविरार्थियों को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि केवल वादों और दावों के अधार पर कोई राजनीतिक दल सत्ता में आ सकता है, लेकिन जनता अंततः उसके कामकाज का मूल्यांकन करती है। उन्होंने कहा कि बदलते राजनीति हालात इसका उदाहरण हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, जमीनी स्तर पर पार्टी को विस्तार देने और राष्ट्रीय व वैश्विक राजनीति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। राहुल गांधी ने न केवल अपना दृष्टिकोण ही रखा, बल्कि सभी जिलाध्यक्षों की बात भी ध्यान से सुनी और उनके सवालों का जवाब देते हुए पार्टी की मजबूती पर जोर दिया। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें संवाद और सहभागिता को प्राथमिकता दी गई। अन्य राजनीतिक दलों की तरह यह केवल भाषण आधारित कार्यक्रम नहीं था, बल्कि जिलाध्यक्षों को अपनी बात रखने और संगठन से जुड़े मुद्दों पर सुझाव देने का अवसर भी मिला। राहुल गांधी ने प्रत्येक जिले से जुड़े अनुभवों और चुनौतियों को सुना तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा सरकार की नीतियों, देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और कांग्रेस की आगामी रणनीति पर भी चर्चा हुई। जिलाध्यक्षों ने कहा कि महंगाई जैसे जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। हाल ही में बढ़ती महंगाई के खिलाफ पार्टी द्वारा किए गए प्रदर्शनों को जनता का समर्थन मिला है।, जिससे कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने विश्वासजताया कि संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने से कांग्रेसे आगामी समय में बेहतर प्रदर्शन करेगी। राहुल गांधी ने राजस्थान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच बेहतर तालमेल की सराहना करते हुए कहा कि यह अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि कांग्रेस कभी कमजोर नहीं थी, लेकिन लोकतांत्रिक संस्थाओं और संविधान पर हो रहे हमलों का मुकाबला करने के लिए संगठन को और सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आत्मचिंतन की सबसे अधिक जरूरत भाजपा को है। दिल्ली के तिलक नगर जिलाअध्यक्ष अमनदीप सिंह ने बताया कि चिंतन शिविर का उद्देश्य संगठन को मजबूत बनने, भाजपा की नितियों और राष्ट्रीय राजनीति पर विस्तार से चर्चा हुई उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने केवल संबोधन ही नहीं दिया बल्कि जिला अध्यक्षों की बातें भी सुनीं और उनके सवालों के जवाब दिए। इससे कार्यकताओं में नया उत्साह पैदा हुआ है। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि 10 दिवसीय शिविर में संविधान, पंचायती राज, बेरोजगारी, संगठन विस्तार और केंद्र सरकार की नीतियों सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। अब इस मॉडल को जिलों और आम लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### उंटारी रोड में 77 लाख की विकास योजनाओं की रखी गई आधारशिला

# 55 लाख की लागत से जोगा में बनेगा उप स्वास्थ्य केंद्र

बंशीधर न्यूज

**उंटारी रोड :** प्रखंड के जिला परिषद सदस्य अरविंद सिंह ने सोमवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में करीब 77 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान जोगा पंचायत में 55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया गया। वहीं कुटमू गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में 2.49 लाख रुपये की लागत से छत ढलाई कार्य, करकटा पंचायत के जमडीहा में सूर्य मंदिर के समीप 2.47 लाख रुपये की लागत से चबूतरा निर्माण तथा मुरमा खुर्द में 2.48 लाख रुपये की लागत से श्मशान शेड निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। इसके अलावा चर्चित धार्मिक स्थल शिव संपत धाम मंदिर परिसर में 2.49 लाख रुपये की लागत से छठ घाट निर्माण, सतबहिनी में 2.46 लाख रुपये की लागत से श्मशान शेड निर्माण तथा मुरमा कला में 2.49 लाख रुपये की लागत से मुख्य पथ से सुनेश्वर बैठा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुये जिप सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि 15 वें वित्त आयोग मद से प्रखंड में विकास की लंबी लकीर खींची गई है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के कारण क्षेत्र की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। जनता से किये गये एक-एक वायदे को पूरा किया गया है और आगे भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि 16 वें वित्त आयोग की राशि से जिन पंचायतों में नाली निर्माण, पीसीसी पथ एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की आवश्यकता होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जायेगा। मौके पर मुखिया कमला देवी, राम वचन राम, बिनोद पाल, अशोक सिंह, कन्हाई मेहता, बसंत ठाकुर, भृगुनाथ सिंह, शिवशंकर ठाकुर, नंदू मेहता सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)